हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री


12 बाढ़ नियंत्रण-रोकथाम के लिए रहे सतर्क...





13 सड़क टूटने के कगार पर, बना खतरा






### कोंटा का संभाग मुख्यालय से सम्पर्क कटा, दंतेवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग मे बह गई आधी सड़क

# बस्तर में बारिश का तांडव, 30 गांव अंधेरे में, कई गांव बने टापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में सोमवार-मंगलवार को हुई भारी बारिश ने तबाही मचा दी। आधा दर्जन से अधिक पुल टूट गए हैं, सड़कें बह गई है बीजापुर और दंतेवाड़ा बाढ़ में फंसे एक ग्रामीण और छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल के एक जवान को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में जगदलपुर से कोंटा और राष्ट्रीय राजमार्ग-63 में बीजापुर में कुछ जगहों पर बाढ़ के कारण सड़क आवागमन बाधित है। बारिश का सर्वाधिक असर दक्षिण बस्तर में है। भारी बारिश और बाढ़ के चलते मंगलवार को मध्य और दक्षिण बस्तर के 300 से अधिक गांवों का संपर्क ब्लाक और जिला मुख्यालय से कट गया है। बीजापुर,बस्तर,नारायणपुर,दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों से सड़कों और पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने की चार घंटे फंसा रहा सीएफए जवान गीदम-बारसूर मार्ग पर एक स्थानीय नाला में बाढ़ में सीएएफ का जवान चार घंटे फंसा रहा, जिसे एसडीआरएफ ने बचा लिया। इधर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर दरभा के आगे झीरम के पास बाद में एक वाहन बह गई। खबरें लगातार मिल रही हैं। दंतेवाड़ा में शंखिनी-डंकिनी, बीजापुर में मलगेर, सुकमा में मलेंजर और सबरी नदी में बाढ़ से नदी के तटीय क्षेत्र स्थित गांवों में बहुत नुकसान हुआ है।

सोमवार-मंगलवार को हुई भारी बारिश से समूचा बस्तर संभाग मे जन;जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिला में बाढ़ से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बुधवार को दूसरे दिन सुकमा जिला के कोंटा जिला मुख्यालय से कटा रहा। आज भी सुकमा से कोंटा तक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मार्ग तीन जगह बाधित है,बोदागुडा दुब्बाटोटा,इंजरम मे मार्ग पर शबरी नदी का पानी उफान पर होने से सड़क पर आज भी दो से तीन फीट ऊपर पानी बहने से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में यातायात पूरी तरह से बाधित है। इधर दंतेवाड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 बागमुंडी पनेड़ा मार्ग बाढ़ के पानी से एक हिस्सा बह गया, जिसके चलते बुधवार को दूसरे दिन भी बड़ी वाहने बाधित है। इस मार्ग में छोटी वाहने और मिनी बस बुधवार को आना-जाना कर रही है। बड़े वाहन बाधित है। इधर बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के नलगोंडा घाट पर दो बच्चियां मनीषा उजी और शर्मिला उजी उफनती इन्द्रावती नदी को नाव से पार करते बह गए थे। बुधवार को तीसरे दिन 72 घण्टे बाद भी दोनों बच्चियां लापता है। बढ़ते जलस्तर के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि सोमवार दोपहर नाव पलटने से 11 लोग बह गए,जिनमें से 9 लोग तैर कर बाहर आ गए थे। वहीं दो बच्चियां अभी भी लापता है। भैरमगढ़ ब्लॉक के नलगोंडा घाट पर दोनों बच्चियां इंद्रावती नदी पार बसे बेलनार पंचायत की रहने वाली है। जो कि अपने परिजनों के साथ नलगोंडा आई हुई थी। एसडीएम विकास सर्वे ने बताया कि लापता मनीषा उजी और शर्मिला उजी का अब तक पता नहीं लग सका है, जलस्तर बढ़ा होने से रेस्क्यू ऑपरेशन भी प्रभावित हो रहा है, लेकिन लगातार हमारी टीम प्रयास कर रही है।

मंगलवार को भारी बारिश में बस्तर जिले के दरभा ब्लाक अंतर्गत उफनती कांगेर नाला से सड़क पार करते कार बहने से उसमें सवार तमिलनाडु का एक पूरा परिवार बह गए। दुख की बात है,कि परिवार के चारो सदस्य माता-पिता,एक पुत्री व एक पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार रात को ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर चारों का शव कार समेत बाहर निकाल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। बुधवार को पीएम के बाद मृतक के परिजन शवो को अंतिम संस्कार के लिए तमिलनाडु लेकर गए। इधर दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत बाग़मुंडा पनेड़ा में जो जगदलपुर से दंतेवाड़ा जोड़ने वाली एनएच 63 सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से बह गई। जिसके कारण यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गई। मामले की जानकारी लगते ही गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल के द्वारा तत्काल अपने जवानों को लेकर घटनास्थल पर पहुंच राहत में जुट गए है।जहाँ मार्ग को डायवर्ड करते हुए पुराने पुल को फिर से सुचारू करने का काम युध्यस्तर पर किया जा रहा है।छोटी वाहन में केवल बाइक को ही आने जाने दिया जा रहा था,जबकि बड़ी वाहनों को पूरी तरह से रोक फ़यिा जा रहा है। बताया जा रहा है कि जगदलपुर से दंतेवाड़ा जाने वाले मार्ग में पड़ने वाले बागमुंडी पनेड़ा मार्ग का सड़क पानी का तेज बहाव के चलते बह गया,पानी से एक ओर जहां सड़क बह गया तो वही दूसरी ओर बंजारिन घाट के पास भूस्खलन होने से सड़क बहने की सूचना है। बाधित मार्ग में सड़क के दोनों ओर स्टॉपर लगाया गया। साथ ही जवानों को हिदायत दिया गया कि किसी भी हाल में बड़ी वाहनों को इस ▶▶| शेष पेज 12 पर



## केके रेल लाइन पर वॉश आउट हुई रेल पटरी



■ कुमारसाडरा और दाबपाल रेलवे स्टेशन के बीच बारिश में बहा रेलवे ट्रैक

किरन्दुल-कोत्तवालसा याने केके रेल लाइन के दक्षिण बस्तर क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार को 48 घण्टे तक हुई भारी बारिश से रेलवे सम्पत्ति को भारी नुकसान होने की खबर है। इस लाइन के कुमारसाडरा और दाबपाल रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक बारिश में बह जाने (वासाउट) होने से केके लाइन पूरी तरह से बाधित हो गई। दंतेवाड़ा जिले में हो रही भारी बारिश का खासा असर रेल लाइन पर दिखा। डिलमिली स्टेशन के समीप पहाड़ से चट्टान पटरी के ऊपर समा गया। इसके चलते रेल रूट पर आवागमन पूरी तरह से हुआ। बाधित मार्ग को बहाल करने युध्यस्तर पर मरम्मत व सुधार कार्य किया जा रहा है। रेलवे के गैंग श्रमिक ट्रैक बहाल करने में जुटे है। इधर मंगलवार को बचेली स्टेशन यार्ड में बारिश का पानी समाने से ट्रेनो के पहिये थमे रहे। केके रेल लाइन बाधित होने से दो यात्री ट्रेनें बाधित हुई। किरंदुल से विशाखपट्नम आने जाने वाली पैसेंजर और नाईट एक्सप्रेस मंगलवार से बाधित है।



विशाखपट्नम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के सुदीप के अनुसार रेल लाइन बाधित होने से विशाखपट्नम से किरंदुल जाने वाली ट्रेन संख्या 18515 नाइट एक्सप्रेस,जो 27 अगस्त को विशाखापत्तनम में रद्द कर दी गई। जबकिट्रेन संख्या 18516 किरंदुल-विशाखापत्तनम नाइट एक्सप्रेस,जो 27 अगस्त को किरंदुल में रद्द रहेगी। इधर ट्रेन संख्या 58501 विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर,जो 28 और 29 अगस्त दो दिनों तके विशाखापत्तनम से चलेगी,उसे केवल अरकू तक ही चलाया जाएगा। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 58502 अरकू से विशाखापत्तनम के बीच 28 और 29 अगस्त को चलाई जाएगी।इस प्रकार, उपरोक्त तिथियों में अरकू और किरंदुल के बीच इस ट्रेन की कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

## टूटा डंकनी नदी का पुल घरों में घुसा पानी



■ आफत की बाढ़ : 60 गांव में बिजली आपूर्ति ठप

**दंतेवाड़ा।** 24 घंटों की अनवरत बारिश से लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में विगत दो दिनों से हो रही तेज बारिश ने कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप करवा दी, तो डंकनी नदी तट के आसपास के घरों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बाढ़ का कहर ऐसा रहा कि नगर के मुख्य मार्ग में स्थित डंकनी नदी का पुराना पुल का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिले में पहली बार इस बारिश के बाद के गायत्री मंदिर चौक से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक लोगों के आवाजाही को बंद कर दिया गया। वहीं कटेकल्याण व बारसूर क्षेत्र के लगभग 60 गांव में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

### बाढ़ या जलभराव की स्थिति में तत्काल रिपोर्टिंग करें

जिले में लगातार हो रही तेज बारिश के बीच कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इसे स्वयं संज्ञान में लिया। प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा करने से पूर्व जिले के समस्त जनपद सीईओ को बाढ़ या जल भराव की स्थिति में तत्काल रिपोर्टिंग करने का ओदश देते हुए यह भी सुनिश्चित किया कि अत्यंत बारिश से सड़क कटाव एवं बाढ़ जैसी स्थिति होने की आशंका बेहद ज्यादा है। ऐसी स्थिति में सचिव अपने ग्राम पंचायतों में संपर्क बनाए रखें ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### 6 पोल बहने से आपूर्ति हुई ठप

इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता बिजली विभाग नीरज कुजुर ने कहा कि नगर के जिस नदी में बाढ़ की स्थिति बनी उसमें विभाग के 6 पोल बह गए थे। बिजली पोल के बह जाने से सुरभि कॉलोनी, जीएडी तथा नगर पालिका, सर्किट हाउस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति 24 घंटे बंद रही। हालांकि बुधवार की शाम तक इन क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी गई। बालपेट क्षेत्र में आपूर्ति नहीं हो सकी।

## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, 70 का पंजीयन



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत नगरनार सामुदायिक भवन कक्ष में विद्युत कंपनी की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, 105 से अधिक उपभोक्ता की उपस्थिति में शिविर आयोजित किया गया। विद्युत कंपनी उप संभाग जगदलपुर ग्रामीण के सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े ने बताया के शिविर में 70 उपभोक्ताओं ने पंजीयन हेतु अपना डिटेल्स दिया, जिनमें से 31 उपभोक्ताओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। इसमें 20 उपभोक्ताओं का ऑफलाइन डॉक्यूमेंट लिया गया, 19 उपभोक्ताओं का डॉक्यूमेंट में कमी होने का कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया। शिविर में 3 वेंडर जैसे जैविक रेनेवेबल प्राइवेट लिमिटेड, सुद्धातक एनेर्जी एवं महापात्र एंड महापात्र उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों के लिए बढ़ाई गई सुविधाएं



**जगदलपुर।** शहर के बोधघाट कालोनी में स्थित हाऊसिंग बोर्ड कार्यालय में बोर्ड के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने हितग्राहियों की सुविधा के लिए समाचार पत्र, पत्रिकाएं आदि दिया जा रहा है। ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

### मयंक का मेडिकल कॉलेज के लिए हुआ चयन



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत साड़गुड़ और खुटागुड़ा निवासी तथा शिक्षक अर्जुन नाग के पुत्र मयंक नाग ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा नीट 2025 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मयंक का चयन कांकेर मेडिकल कॉलेज में हुआ है। इस अवसर पर आदिवासी समाज के युवाओं ने पढ़ाई के महत्व पर जोर दिया। उनका कहना था कि शिक्षा ही वह मार्ग है जो समाज को नई दिशा और ऊंचाई दे सकता है। इसमें प्रमुख रूप से शिव बघेल, फुलसिंग नाग, गंगा बघेल, विकास मांझी, सामिलदास कश्यप, श्यामसुन्दर, धनुर्जय, घासीराम, विश्वनाथ, सादु और अन्य साथी शामिल रहे।

### एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित करे सरकार

**जगदलपुर।** अविभाजित मध्य प्रदेश के समय शासन से समझौता अनुरूप जब-जब केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ेगा तब तब राज्य सरकार भी अपने कर्मचारियों को केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता देगी। सातवें वेतन आयोग लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महँगाई भत्ता-महँगाई राहत डीए-डीआर की किश्तें समय—समय पर स्वीकृत की जाती रही हैं, किंतु इनका भुगतान प्रायः विलंब से हुआ है। आदेशों के अध्ययन से यह तथ्य सामने आया है, कि वर्ष 2017 से 2025 तक कुल लगभग 79 माह का एरियर राज्य कर्मचारी अधिकारियों का लंबित है। छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री ने इस विषय पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए सरकार से मांग की है कि वे मोदी की गारंटी के अनुरूप तत्काल प्रदेश ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भारी बारिश से कच्चा मकान गिर गया, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ परिवार के पास खाने- पीने का सामान नहीं, आर्थिक संकट भी

बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत मधोता 2 में लगातार बारिश के कारण खैरगुड़ा वार्ड क्रमांक 8 निवासी हेमबती मौर्य का कच्चा मकान मंगलवार रात भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त हेमबती, उनकी बेटी और बेटा घर के बाहर थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान गिरने से खाने-पीने का



सारा सामान मलबे में दब गया,जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। हेमबती मौर्य के परिवार के लिए यह घटना एक और बड़ा झटका है, क्योंकि एक दिन पहले सोमवार को ही उनके पति दामु राम मौर्य का निधन हो गया ▶▶| शेष पेज 12 पर

विभाग की मनमानी से एनआरसी बेड खाली पड़े

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में एनआरसी के 10 बेड खा रहे धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में स्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी की निष्क्रियता के कारण प्रभावितों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता है, लेकिन विभाग की मनमानी एवं लापरवाही से एनआरसी के 10 बेड खाली पड़े हैं और उनका उपयोग नहीं हो रहा है। एनआरसी में आवश्यक बच्चों के लिए बेड उपलब्ध हैं, लेकिन वे इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं, जो पर्याप्त



जागरुकता की कमी या सेवा की अनुपलब्धता के कारण हो सकता है। पोषण पुनर्वास केंद्रएक स्वास्थ्य सुविधा है, जो गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों के प्रबंधन और उपचार के लिए समर्पित है। इन केंद्रों में, बच्चों का उचित पोषण और चिकित्सा देखभाल की जाती है ताकि वे स्वस्थ हो सकें।

### बीएमओ को दे रहे निर्देश

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने इस संबंध में बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड के बीएमओ को निर्देश देंगे कि लोगों को जागरूक कराएं और कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर स्वस्थ करें। अनदेखा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों में जागरुकता की कमी

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड की ओर से गांव और आसपास गांव में कुपोषण की जानकारी नहीं दे रहे हैं। इसके चलते लोग गंभीर कुपोषण के खतरों और एनआरसी में उपलब्ध सहायता के बारे में नहीं जानते, जिससे वे इन केंद्रों में अपने बच्चों को लाने से कतराते हैं।

## दो तस्कर गिरफ्तार 2 लाख का गांजा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ बाईपास से बोधघाट की ओर आ रहे थे, करकापाल चौक में पुलिस कर रही थी इंतजार

गांजा की डिलीवरी देने शहर की ओर आ रहे दो तस्करों को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.16 लाख का गांजा बरामद किया है। तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

गांजा तस्करों के आड़ावाल बाईपास मार्ग से शहर की ओर आने की सूचना मिलने पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम तस्करों को करकापाल चौक में इंतजार कर रही थी तभी बाईक क्रमांक सीजी 17 केवाय 3241 में सवार दो युवक करकापाल से बोधघाट चौक की तरफ आ रहे थे उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम पूनम कश्यप 24 वर्ष व रोहित भारती 19 वर्ष दोनों निवासी तारापुर निवासी बताया। आरापियों के कब्जेसे छोले में रखा कुल 21.664 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसका अनुमानित कीमत 2 लाख 16 हजार 640 रूपए आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

गांजा तस्करों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक प्रकाश मनहर, सुनील मनहर, अहिलेश नाग, हरेंद्र मेडतिया, आरक्षक होरीलाल आर्मो, कामदेव दर्रो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की व अजित सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तस्करी रोकने ओडिशा बार्डर में चल रहा विशेष अभियान- नाग

एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि ओडिशा से होने वाली गांजा की तस्करी रोकने ओडिशा बार्डर से लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बारिश के बावजूद हमारी टीमें लगातार मादक पदार्थ गांजा की तस्करी रोकने अभियान चला रही है जिसका बेहतर परिणाम भी आ रहा है हाल ही में नगरनार, बोधघाट, बकावण्ड समेत अन्य थाना क्षेत्रों में कई गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लाखों रूपए का गांजा बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। बस्तर पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है।

### स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 10 वें दिन भी जारी

# एनएचएम धरना स्थल पर बुलंद कर रहे आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जांच सहित अन्य कार्य हो रहे प्रभावित

एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार दसवें दिन भी जारी रहा। बस्तर जिले के सैकड़ों कर्मचारी भी प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जांच खून, पेशाब, टू-नाट, सीबीनाट, टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण, ओटी, एमसीएच अस्पताल, आपातकालीन



सेवाएं संचालित होती हैं। लेकिन हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई अस्पतालों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

### आंदोलन को उग्र किया जाएगा

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा। पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन और निवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, इसलिए आगामी आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

